No. of Printed Pages : 16 **CFN-3**

# CERTIFICATE PROGRAMME IN FOOD AND NUTRITION (CFN)

## Term-End Examination

## June, 2020

### CFN-3 : ECONOMICS OF FOOD

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note*** : *(i) Question No. 1 is compulsory.*

*(ii) Answer **five** questions in all.*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Enlist the major deficiency disorders affecting population groups in our country. Who are most vulnerable to these disorders ? $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}$

(b) Match the items in List-I with the items in List-II : 5

| List I | | List II | |
|---|---|---|---|
| (a) | Milk grid | (i) | Total quantity of grains held by the government to meet emergency needs of food grains. |
| (b) | Hoarding | (ii) | System for collecting and conserving milk |
| (c) | Livestock | (iii) | Refers to storing food articles with a view to sell them at a profit. |
| (d) | Mini kits | (iv) | Animals of different type used for producing food and for other purposes |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (e) | Buffer stock | (v) | Package of inputs like seeds, fertilisers etc. provided to the farmers for scientific cultivation. |
| | | (vi) | Refers to storing food articles with a view to add other material for profit. |
| | | (vii) | System for collecting and transporting milk. |

(c) List any *five* commodities which have been recognized for sale as essential items under TPDS. 4

(d) Define the following : 6

(i) Issue Price

(ii) Market Price

(iii) Procurement Price

2. (a) What guidelines would you follow to start your own kitchen garden ? 10

(b) What is a food budget ? Discuss its relevance for us. 6

(c) List the different sources from which we can obtain food. List at least *two* foods we can get from these sources. 4

3. (a) What is the concept of public distribution system ? Enumerate the procedure and significance of public distribution system in our country. 6

(b) Briefly explain the various factors influencing the food expenditure of a family. 8

(c) What are the components of food industry ? Explain briefly. 6

4. (a) What is a poultry enterprise ? Explain its importance and why the government encourages poultry farming by farmers ? 8

(b) Present the objectives and framework of National Agriculture Policy (NAC). 8

(c) What is the main objective of FISHCOPPED ? 4

5. (a) List the main products obtain from fish and what is the advantage of eating them. 5

(b) Briefly discuss the agricultural subsidies provided by the government to the farmers. 10

(c) What is the role of animal husbandry in Indian economy ? 5

6. Explain the following briefly : 5 + 5 + 5 + 5

(a) Major activities of operation flood

(b) Initiatives taken by the government for clean milk production

(c) Income generation through operation flood

(d) Dairy development schemes implemented by the government.

7. (a) List any *one* supplementary feeding programme run by the government for the following beneficiaries : 4

(i) Primary school children

(ii) Children 6 months to 3 years

(iii) Pregnant and lactating women

(iv) Adolescent girls

(b) Give the nutritional norms for supplementary nutrition provided in each of the programme mentioned at (a) alone. 8

(c) What do you understand by the term nutrition prophylaxis. Discuss any ***one*** nutrition prophylaxis programme running in our country, highlighting its components. 8

8. Write short notes on any ***four*** of the following : 5 + 5 + 5 + 5

(a) Food adulteration precautions

(b) Grading of fruits and vegetables

(c) Objectives of Food Safety and Standard Act, 2006

(d) Concept and importance of Consumer Education

(e) Agencies providing consumer education

सी.एफ.एन.-3

# भोजन और पोषण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2020

### सी.एफ.एन.-3 : भोजन का आर्थिक पक्ष

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *(i) प्र. सं. 1 **अनिवार्य** है।*

*(ii) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (क) हमारे देश में जनसमूहों को प्रभावित करने वाली प्रमुख हीनताजन्य विसंगतियों को सूचीबद्ध कीजिए। इन विसंगतियों के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील कौन होते हैं ? $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}$

(ख) सूची-I को सूची-II से मिलाइए :

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| (क) मिल्क ग्रिड | (i) | खाद्यान्नों की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा भंडारण किए जाने वाले अनाजों की कुल मात्रा |
| (ख) जमाखोरी | (ii) | दूध को एकत्रित व संरक्षित करने की पद्धति |
| (ग) पशुधन | (iii) | खाद्य पदार्थों का भंडारण करके लाभ (मुनाफा) के लिए उन्हें बेचना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (घ) | मिनी किटें | (iv) | खाद्य-पदार्थों के उत्पादन और अन्य प्रयोजनों के लिए विभिन्न प्रकार के पशुओं का प्रयोग करना |
| (ङ) | बफर स्टॉक | (v) | वैज्ञानिक खेती-बाड़ी के लिए किसानों को बीज, खाद, उर्वरक इत्यादि जैसी आगतों का पैकेज |

(vi) खाद्यान्नों का भंडारण करके मुनाफा कमाने के लिए उनमें अन्य पदार्थ (सामग्री) मिलाना

(vii) दूध को एकत्रित करने व पहुँचाने की पद्धति

(ग) टी. डी. पी. एस. के अन्तर्गत अनिवार्य वस्तुओं के रूप में बिक्री के लिए स्वीकृत किन्हीं ***पाँच*** वस्तुओं को सूचीबद्ध कीजिए। 4

(घ) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : 6

(i) सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य

(ii) बाजार मूल्य

(iii) प्राप्ति मूल्य

2. (क) अपनी घरेलू वाटिका बनाने के लिए आप किन मार्गदर्शी निर्देशों का अनुसरण करेंगे ? 10

(ख) खाद्य बजट क्या है ? हमारे लिए इसकी क्या प्रासंगिकता है ? 6

(ग) उन विभिन्न स्रोतों को सूचीबद्ध कीजिए जिनसे हम खाद्य पदार्थ प्राप्त कर सकेंगे। इन स्रोतों से प्राप्त हो सकने वाले कम से कम दो खाद्य पदार्थों के नाम बताइए। 4

3. (क) सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है ? हमारे देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की क्रियाविधि और महत्व का वर्णन कीजिए। 6

(ख) परिवार के खाद्य व्यय को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 8

(ग) खाद्य पदार्थों के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता के घटक कौन-से हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

4. (क) पोल्ट्रि उद्यम क्या है ? इसके महत्व और सरकार द्वारा किसानों को मछली पालन के लिए क्यों प्रोत्साहित किया जाता है, वर्णन कीजिए। 8

(ख) राष्ट्रीय कृषि नीति (NAC) के उद्देश्य और संरचना प्रस्तुत कीजिए। 8

(ग) FISHCOPPED के मुख्य लक्ष्य क्या हैं ? 4

5. (क) मछली से प्राप्त होने वाले मुख्य उत्पादों को सूचीबद्ध कीजिए और इसको खाने के क्या लाभ हैं, बताइए। 5

(ख) सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली कृषि-आर्थिक सहायताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए। 10

(ग) भारतीय अर्थव्यवस्था में पशुपालन की क्या भूमिका है? 5

6. निम्नलिखित का संक्षेप में वर्णन कीजिए : 5+5+5+5

(क) ऑपरेशन फ्लड की प्रमुख गतिविधियाँ

(ख) स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के लिए सरकार द्वारा की गई पहलें

(ग) ऑपरेशन फ्लड के जरिए आय-सृजन

(घ) सरकार द्वारा कार्यान्वित डेयरी विकास योजनाएँ

7. (क) निम्नलिखित लाभार्थियों के लिए सरकार द्वारा चलाए जाने वाले किसी **एक** पूरक आहार कार्यक्रम को सूचीबद्ध कीजिए :

(i) प्राइमरी स्कूल के बच्चे

(ii) 6 माह से तीन वर्ष की आयु वाले बच्चे

(iii) गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएँ

(iv) किशोरियाँ

(ख) ऊपर (क) में वर्णित प्रत्येक कार्यक्रम में प्रदान किए जाने वाले पूरक पोषण के पोषणात्मक मानदंड बताइए। 8

(ग) रोग-निरोधक पोषण कार्यक्रम से आप क्या समझते हैं ? हमारे देश में चलाए जा रहे किसी एक रोग निरोधक पोषण कार्यक्रम की उसके घटकों पर प्रकाश डालते हुए चर्चा कीजिए। 8

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+5+5

(क) खाद्य अपमिश्रण सम्बन्धी सावधानियाँ

(ख) फलों व सब्जियों का श्रेणीकरण

(ग) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के उद्देश्य

(घ) उपभोक्ता शिक्षण की अवधारणा और महत्व

(ङ) उपभोक्ता शिक्षण प्रदान करने वाली एजेंसियाँ

8190